प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 15.02.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– तीन मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को कैबिनेट की मंजूरी से रेल बुनियादी ढांचे को मिलेगी मजबूती, युवाओं के लिए सृजित होंगे रोजगार।
2. रेल मंत्रालय लंबी दूरी की ट्रेनों के सामान्य कोचों में स्वच्छता बढ़ाने के लिए शुरू करेगा नए सुधार, छह महीने के अंदर लंबी दूरी की 80 रेलगाड़ियां होंगी चिह्नित।
3. जेएसएससी की झारखंड तकनीकी–विशिष्ट योग्यताधारी स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा रांची के 17 सेंटरों पर आज से शुरू, परीक्षा केंद्रों के आस पास निषेधाज्ञा लागू।
4. राज्यभर में आज धूमधाम से मनाया जा रहा है महाशिवरात्रि का त्योहार, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं।
5. जमशेदपुर में आज से भारतीय सुपर लीग–आईएसएल फुटबॉल की होगी शुरुआत, जमशेदपुर एफसी और मोहम्मडन एससी के बीच खेला जाएगा पहला मैच।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि मंत्रिमंडल ने दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र और कर्नाटक के विभिन्न जिलों के लिए तीन मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि इससे रेल अवसंरचना मजबूत होगी, लॉजिस्टिक लागत कम होगी और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

प्रधानमंत्री ने एक लाख करोड़ रुपये के शहरी चुनौती कोष– यूसीएफ को स्वीकृति दिए जाने की केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सराहना की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि यह कोष उच्च गुणवत्ता की शहरी अवसंरचना प्रदान करने के लिए बाजार वित्त, निजी भागीदारी और नागरिक केंद्रित सुधारों का लाभ उठाएगा।

****

रेलवे में अब सामान्य श्रेणी कोच की सफाई भी फर्स्ट क्लास कोच की ही तरह की जाएगी। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में बताया कि इस पहल के तहत छह महीने के अंदर लम्बी दूरी की अस्सी रेलगाडियों की पहचान की जाएगी। उन्होंने कहा कि इन रेलगाडियों में एक से डेढ घंटे के अंतराल पर सफाई के लिए अलग से कर्मचारी रखे जायेंगे।

****

पश्चिमी सिंहभूम में निकाय चुनाव की तैयारियां जोरों पर हैं। जिले में कुल दो नगर निकायों के लिए चुनाव कराए जा रहे हैं जिनमें चाईबासा और चक्रधरपुर नगर परिषद शामिल हैं।

****

राज्य में निकाय चुनाव गैर दलीय आधार पर कराने की घोषणा हुई है, इसके बावजूद दलीय राजनीति तेज हो गई है। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने गिरिडीह में मेयर पद के प्रत्याशी डॉ शैलेंद्र चौधरी के पक्ष में कार्यकर्ताओं के साथ संकल्प बैठक की।

इधर, पाकुड़ नगर परिषद क्षेत्र की 21 वार्डो में वार्ड पार्षद और अध्यक्ष पद के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा ने जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता सह विधायक हेमलाल मुर्मू ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति पर चर्चा की।

****

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग–जेएसएससी की झारखंड तकनीकी–विशिष्ट योग्यताधारी स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2023 नियमित और बैकलॉग परीक्षा आज से शुरू हो गई। रांची जिले में 17 परीक्षा केंद्रों पर यह परीक्षा आयोजित की जा रही है। परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लगा दी गई है।

****

खूंटी के सीएम उत्कृष्ट विद्यालय में आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत 'संपूर्णता अभियान 2.0' का आयोजन किया गया। इस मौके पर खूंटी के उपविकास आयुक्त आलोक कुमार ने सभी विभागों को नीति आयोग के मापदंडों के अनुसार कार्य पूरा करने का निर्देश दिया।

****

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 45 हजार 800 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 64 हजार रूपये प्रति किलो है।

****

राज्यभर में आज धूमधाम से महाशिवरात्रि का त्योहार मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

****

महाशिवरात्रि पर देवघर, बासुकिनाथ, राजधानी रांची समेत अन्य शहरों में निकलनेवाली शिव बारात को लेकर प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली गई है। इधर, हजारीबाग जिले की पुलिस ने महाशिवरात्रि और अन्य त्योहारों को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर ईचाक थाना क्षेत्र के डुमरौन और बड़कागांव थाना क्षेत्र में मॉक ड्रिल और फ्लैग मार्च किया। पुलिस बलों ने संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया।

****

खूंटी जिले के रनिया थाना क्षेत्र में बीती रात जंगली हाथियों ने एक घर को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस दौरान हाथी ने घर में रखे अनाज को बिखेर दिया।

****

पुरुष टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप में आज भारत का सामना पाकिस्तान से होगा। यह मैच कोलंबो में खेला जाएगा। मैच भारतीय समयानुसार शाम 7 बजे से शुरू होगा।

****

जमशेदपुर में आज से भारतीय सुपर लीग– आईएसएल फुटबॉल की शुरुआत हो रही है। जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में जमशेदपुर एफसी और मोहम्मडन एससी के बीच पहला फुटबॉल मैच खेला जाएगा।

****